करने तथा अन्य बातों के साथ-साथ गाडगिल फार्मूले और केन्द्रीय आयोजित स्कीमों के भावी आकार-विस्तार की समीक्षा करने के लिए स्थापित की गई समिति के विचार-विमर्श के निष्कर्ष पर विचार करने के लिए राष्ट्रीय विकास परिषद् की अगली बैठक 24-25 फरवरी, 1979 को होने वाली है।

**किसानों के लिए सौर ऊर्जा द्वारा चालित पम्प**

210. श्री रूप नाथ सिंह यादव : क्या विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने सौर ऊर्जा चालित पम्प लगा कर किसानों को सिंचाई सुविधाएं प्रदान करने के लिए कोई योजना बनाई है ;

(ख) यदि हां, तो क्या इस सम्बन्ध में हाल ही में प्रयोगशालाओं में किए गए परीक्षण सफल सिद्ध हुए हैं ; और

(ग) यदि हां, तो इस के फलस्वरूप कितने किसानों को लाभ पहुंचा ?

प्रधान मंत्री (श्री मोरारजी देसाई) : (क) जी हां।

(ख) सौर ऊर्जा के इस्तेमाल से पम्प द्वारा जल निकालने के लिए प्रयोगशाला पैमाने पर सफलतापूर्वक प्रयोग किए गये हैं। सौर ऊर्जा चालित पम्प द्वारा पानी निकालने वाली प्रणालियों की क्षमता में सुधार लाने के लिए विभिन्न कृषि-जलवायु संबंधी परिस्थितियों के लिए इंजीनियरी अभिकल्पों के इष्टतमीकरण के लिए तथा इससे भी अधिक, ग्रामीण क्षेत्रों में अनुप्रयोग के लिए ऐसी प्रणालियों को किफायती बनाने के लिए इस नई प्रौद्योगिकी को प्रवर्धित करने के लिए और अधिक अनुसंधान एवं विकास कार्य की आवश्यकता है। इस प्रकार की नई प्रौद्योगिकियों का व्यापक अनुप्रयोग के लिए व्यापारिक पैमाने पर इस्तेमाल किए जाने वाली अवस्था में पहुंचने से पूर्व पर्याप्त समय तक निरीक्षण परीक्षण किया जाता है।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

**Setting up of Atomic Power Stations**

211. PROF. P. G. MAVALANKAR: Will the Minister of ATOMIC ENERGY be pleased to state:

(a) whether Government are at all deciding to set up Atomic Power Stations in the country in the foreseeable future;

(b) if so, broad indication thereto;

(c) whether proposals for setting up such Atomic Power Stations were mooted, considered, formulated and almost finalised; and

(d) if so, why are they not being processed further and finalised?

THE PRIME MINISTER (SHRI MORARJI DESAI): (a) to (d). A proposal to set up another Atmoic Power Station in the Country is being examined by Atomic Energy Commission. The Working Group set up by the Planning Commission under Ministry of Energy for formulating the power generation programme for the Five Year Plan 1978—83, is also considering the question of setting up new Atomic Power Stations in the country. The matter will thereafter come before Government for consideration.

**Mining Delegation to China**

212. SHRI SUBHASH CHANDRA BOSE ALLURI:

SHRI D. B. PATIL:

Will the Minister of SCIENCE AND TECHNOLOGY be pleased to state:

(a) whether it is a fact that an Indian Mining Delegation visited China recently;

(b) if so, whether the delegation has submitted its report to Government; and

(c) if so, the details thereof?

THE PRIME MINISTER (SHRI MORARJI DESAI): (a) Yes, Sir.

(b) An interim report of the visit has been received. The final report is under preparation.

(c) The Delegation visited the Chinese Research Institutions concerned with mining and mine designs as well as certain underground and opencast mines. It also held discussions to

explore the possibility of exchange of scientific information and experience on problems of mutual interest including the use of Indian mining equipment by the Chinese.

**राजस्थान में भूनास गांव के समीप अभ्रक की खानों में यूरेनियम का होना**

213. श्री दौलत राम सरन : क्या परमाणु ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राजस्थान में भीलवाड़ा जिले की गंगापुर तहसील के गांव भूनास के समीप अभ्रक की खानों में यूरेनियम पाया गया है, और यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्योरा क्या है ;

(ख) क्या इस आशय की शिकायतें मिली हैं कि इस यूरेनियम को तस्करी करके भारत से बाहर भेजा जा रहा है ; और

(ग) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई है ?

प्रधान मंत्री (श्री मोरारजी देसाई) : (क) भीलवाड़ा जिले के भूनास गांव के निकट अभ्रक की खानों में पेग्माटाइटों में विद्यमान यूरेनियम का खनन जब 1958–60 के वर्षों में किया गया तब यह पाया गया कि उन खानों से यूरेनियम निकालना आर्थिक दृष्टि से व्यवहार्य नहीं रहेगा। इस कारण, भूनास स्थित खानों से यूरेनियम निकालने का काम सन् 1961 में बन्द कर दिया गया था ।

(ख) जी, नहीं ।

(ग) यह प्रश्न उठता ही नहीं ।

**Information collected through Arya Bhatta**

214. SHRI O. V. ALAGESAN: Will the Minister of SPACE be pleased to state:

(a) whether Arya Bhatta is still in orbit and what are the salient features of information collected from the data sent by Arya Bhatta; and

(b) when is the second satellite going to be launched?

THE PRIME MINISTER (SHRI MORARJI DESAI): (a) Yes, Sir.

The information collected from the data sent by Arya Bhatta has helped in assessing the performance of indigenously built systems for space. This has provided valuable inputs for the design and fabrication of the second satellite, the Satellite for Earth Observations (SEO).

(b) The second satellite is likely to be launched during this year.

**दक्षिण दिल्ली में पुलिस द्वारा छापे**

215. श्री नवाब सिंह चौहान : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत छः महीनों में पुलिस ने दक्षिण दिल्ली में कितने परिसरों पर छापे मारे हैं ;

(ख) ये छापे किन कारणों से मारे गए और उनके निष्कर्ष क्या निकले ;

(ग) क्या इससे अवांछित तत्वों की गतिविधियों पर रोक लगी है—

(घ) जिन पर छापे मारे गए उन परिसरों का और जो व्यक्ति रोके गए थे और जिन्हें दोषी न होने के कारण छोड़ दिया गया था उनका ब्यौरा क्या है ; और

(ङ) कानून और व्यवस्था बनाये रखने के लिए क्या कार्यवाही की गई है ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एस० डी० पाटिल) : (क) से (ग) : विभिन्न अपराधों में अन्तर्ग्रस्त व्यक्तियों की तलाशी लेने एवं उन्हें गिरफ्तार करने की दृष्टि से पिछले 6 महीनों के दौरान 1067 छापे मारे गए थे। इन छापों में 1704 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया था जिसका अपराधों को नियंत्रित करने और उनका पता लगाने में अच्छा प्रभाव पड़ा है।

(घ) इस प्रकार के छापे नहीं मारे गए थे।

(ङ) अपराध रोकने के लिए उठाए गए कदमों में मुख्य कदम इस प्रकार हैं :—

ज्ञात अपराधियों की गतिविधियों पर कठोर सतर्कता रखना और निष्कासन की कार्रवाईयों को तेज करना, आपराधिक आसूचना को एकत्र करना जिसके लिए विशेष केन्द्रित दस्ते की स्थापना भी की गई है, अपराध प्रभावित क्षेत्रों में पैदल, और चलती फिरती गश्त दोनों को बढ़ाना, महत्व के स्थानों पर पुलिस टुकड़ियां तैनात करना, लम्बे चाकू, छुरे और ऐसे अन्य हथियारों को लेकर चलने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध विशेष अभियान